हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 मार्च 2026

13 दुर्गा अष्टमी पर भक्तों ने मंदिरों व प्रतिष्ठानों में मां दुर्गा की पूजा की...



14 एजेंसियों के लिए सरसों की खरीद करना होगा मुश्किल



## खबर संक्षेप

### साइबर ठगी करने वाला दिल्ली क्षेत्र से गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गांव वैदवाला निवासी एक महिला से एक लाख 49 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में आरोपी को दिल्ली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है है। साइबर थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने वीरवार को बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद मोहसिन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। शिकायत में महिला ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को महिला के रिश्तेदार के तौर पर परिचित कराते हुए कहा कि वह विदेश में रहता है और उसकी मां बीमारी है। कॉल करने वाले ने कहा कि आपके खाते में 6 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर रहा है।

### सीआईए की बड़ी कार्रवाई चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शहर के गुरुनानक पुरा मोहल्ले में एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या करने के मामले में सीआईए फतेहाबाद की टीम ने चौथे आरोपी को काबू कर लिया है। सीआईए फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पकड़े गए चौथे आरोपी की पहचान सुरेंद्र उर्फ छिंदर पुत्र गुरबक्श सिंह के रूप में हुई है, जो गुरुनानक पुरा मोहल्ला, फतेहाबाद का ही निवासी है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। यह घटना 15 मार्च की है, जब गुरुनानक पुरा मोहल्ले में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ था। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से संदीप सिंह उर्फ दीपा पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया।

## फतेहाबाद में तेल खत्म होने की अफवाह, पम्पों पर उमड़ी भारी भीड़

# बीपीसीएल और एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर तेल खत्म, लोगों में अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते वैश्विक तनाव का सीधा असर अब फतेहाबाद की सड़कों पर दिखने लगा है। कच्चे तेल की सप्लाई चेन प्रभावित होने से शहर में ईंधन की भारी किल्लत पैदा हो गई है। सबसे ज्यादा मार बीपीसीएल और एचपीसीएल के पेट्रोल पम्पों पर पड़ी है, जहां स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है। वीरवार को जैसे ही लोगों को पेट्रोल पम्पों पर तेल खत्म होने का पता चला तो उनमें अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। देखते ही देखते शहर में अन्य कंपनियों के पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। बता दें कि भारत पेट्रोलियम के शहर में दो पेट्रोल पंप हैं और दोनों ही वर्तमान में तेल की कमी से जूझ रहे हैं। पुराने बस स्टैण्ड के पास स्थित खुशी राम परमानंद पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल और डीजल का स्टॉक खत्म हो चुका है।

**भारत पेट्रोलियम के शहर में दो पेट्रोल पंप हैं और दोनों ही वर्तमान में तेल की कमी से जूझ रहे हैं**

वहीं भट्टू रोड स्थित बत्रा पेट्रो पर भी सप्लाई बंद होने के कारण पंप ड्राई हो गया हैं। एचपीसीएल के पेट्रोल पम्पों का भी यही हाल है। पुराने बस स्टैण्ड के पास स्थित खुशी राम परमानंद पेट्रोल पंप के संचालक संजीव मोंगा व ललित मेहता ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि कंपनी से सप्लाई फिलहाल रुकी हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि चार दिन पहले उनके पास 22 हजार लीटर पेट्रोल-डीजल की सप्लाई आई थी, जो अब पूरी तरह खपत हो चुकी है। सरकार के दिशा-निर्देशानुसार हमने केवल इमरजेंसी कोटा एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं के लिए सुरक्षित रखा है। आम जनता के लिए फिलहाल सप्लाई बंद करनी पड़ी है। इस किल्लत का सीधा संबंध ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध को माना जा रहा है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की सप्लाई चेन प्रभावित होने के कारण तेल कंपनियां आपूर्ति सुनिश्चित करने में कठिनाई महसूस कर रही हैं। हालांकि, पंप संचालकों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन ने जल्द ही सप्लाई बहाल करने का आश्वासन दिया है, लेकिन कब तक तेल पहुंचेगा, इस पर अभी अनिश्चितता बनी हुई है।



फतेहाबाद। पेट्रोल पम्पों पर लगी वाहनों की लाइन। *फोटो: हरिभूमि*



### तेल खत्म होने की अफवाह से घबराए लोग

अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते रतिया में वीरवार को डीजल और पेट्रोल खत्म हो जाने की अफवाह के चलते पेट्रोल पंप पर वाहन चालकों की लंबी लाइन लग गई। शहर के कुछ पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म होने की अफवाह आग की तरह फैली थी लेकिन एक पेट्रोल पंप के सिवाय अन्य पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रही। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने किसी भी पेट्रोल पंप का निरीक्षण करने की जहमत नहीं उठाई और गहरी नींद में सोए रहे। आम लोगों द्वारा फोन करने पर भी विभाग के अधिकारियों ने कोई जानकारी देना उचित नहीं समझा।

### आईओसीएल से मिलती है सप्लाई

गौरतलब है कि फतेहाबाद में बीपीसीएल व एचपीसीएल के पंपों को सप्लाई आईओसीएल से मिलती हैं। कोई दिक्कत आने पर आईओसीएल इन को सप्लाई न देकर अपने पंपों पर देता है। जिस कारण फतेहाबाद में स्थित हिंदुस्तान व भारत पेट्रोलियम के पंपों पर सप्लाई न आने से डीजल व पेट्रोल खत्म हो गया। आईओसीएल अपने पेट्रोल पंपों को निर्बाध सप्लाई दे रही है, जिसकारण अन्य पंप चल रहे हैं, लेकिन बीपीसीएल और इसके अलावा एचपीसीएल के पंपों पर किल्लत नजर आ रही है।

### इन पंपों पर नहीं आ रही पर्याप्त सप्लाई

पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रधान गुरदीप सिंह ने बताया कि जिले में बीपीसीएल और एचपीसीएल के पंपों पर पिछले दो-तीन दिनों से पर्याप्त सप्लाई नहीं पहुंच रही है। तेल की गाडियां समय पर नहीं आने के कारण समस्या लगातार बढ़ रही है। हालांकि, इंडियन ऑयल के पंपों पर फिलहाल स्थिति सामान्य बनी हुई है।

### इंडियन ऑयल कंपनी के 80 पेट्रोल पंप

फतेहाबाद जिले में 42 पेट्रोल पंप एचपीसीएल और 31 बीपीसीएल कंपनी के हैं। 80 पेट्रोल पंप इंडियन ऑयल कंपनी के हैं। कुछ प्राइवेट कंपनी न्यारा और रिलायंस के भी हैं। न्यारा कंपनी के पंप पर पेट्रोल के पांच रुपए और डीजल के तीन रुपए रेट बढ़ाए।

# गैस संकट से आम जनता पर बढ़ा बोझ, सरकार कदम उठाए

- देशभर की तरह हरियाणा में भी रसोई गैस की किल्लत गंभीर चिंता का विषय बनी : सैलजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण देश की आम जनता पर अभी से आर्थिक बोझ बढऩे लगा है। उन्होंने कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते वैश्विक तनाव का असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ रहा है, जिससे पेट्रोल, डीजल, एलपीजी तथा खाद जैसी आवश्यक वस्तुएं महंगी हो रही हैं। इसका सीधा प्रभाव आम नागरिक और छोटे व्यवसायों पर पड़ रहा है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार को ऐसे समय में संतुलित और दूरदर्शी विदेश नीति अपनाने के साथ-साथ घरेलू स्तर पर भी प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि महंगाई पर नियंत्रण रखा जा सके और जनता को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि देशभर की तरह हरियाणा में भी रसोई गैस की किल्लत गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। गैस के दाम बढऩे के बावजूद सरकार कालाबाजारी पर रोक लगाने और आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने में विफल रही है।

### लोग हो रहे परेशान

सांसद सैलजा ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बाधित होने से होटल, रेस्तरां, ढाबे, कैटरिंग और गैस आधारित अन्य छोटे-बड़े व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। वहीं सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी में देरी के कारण कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे आम जनता और व्यापारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।



### शातिर गैंग की महिला सदस्य गिरफ्तार

*डबवाली। पुलिस ने लिफ्ट मांगने के बहाने लोगों को झांसे में लेकर उन्हें महिला विरुद्ध अपराध के झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले गिरोह की मुख्य आरोपी पंजाब निवासी एक महिला को गिरफ्तार किया है। थाना सदर प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि निर्भय सिंह निवासी मसीतां ने शिकायत दर्ज करवाई कि 3 मार्च 2025 की शाम जब वह अपनी स्कूटी पर लखुआना से अपने गांव मसीतां जा रहा था। रास्ते में एक औरत ने उससे लिफ्ट मांगी और बच्चे की बीमारी का बहाना बनाया। उसके द्वारा लिफ्ट देने पर कुछ ही दूरी पर अन्य युवकों ने उसकी स्कूटी रुकवा ली और कहा कि तुम हमे रुपये दे दो नहीं तो हम आपको हमारी औरत के साथ छेड़खानी करने के झूठे मुकदमे मे आपको फंसवा देंगे। शिकायतकर्ता ने डर के मारे अपनी जेब से 14 हजार रुपये नगद दे दिए व बाद में 1 हजार रुपये ऑनलाईन आरोपियों के खाते में डाल दिए और आरोपियों द्वारा 20 हजार रुपये की ओर मांग की गई। मामले में पुलिस ने रेड करके कृष्ण कुमार ऊर्फ विक्की निवासी नरसिंह कालोनी डुमवाली को शिकायतकर्ता को 20 हजार रुपए की ब्लैकमेलिंग राशि लेते हुए काबू कर लिया। मामले में पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े तीन अन्य आरोपियों राजू निवासी मण्डी डबवाली, हरविन्दर सिंह निवासी चक हीरा सिंह वाला बठिंडा व हरभगवान निवासी कोटगुरू बठिंडा को गिरफ्तार कर लिया गया था। उक्त आरोपी महिला पिछले लगभग एक वर्ष से वांछित चल रही थी।*

# लूटपाट के तीन बदमाश गिरफ्तार

- पिस्तौल के बल पर की थी लूट, चौथे आरोपी की हो चुकी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने सिरसा जिले के रानियां कस्बे में पिस्तौल के बल पर पोते को बंधक बनाकर बुजुर्ग दंपती से लूटपाट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरीशुदा सामान व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी व मोटरसाइकिल भी बरामद किए हैं। रानियां थाना प्रभारी ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रमोद कुमार, गुरपिंद्र सिंह व सुखदेव सिंह के रूप में है, जबकि चौथे आरोपी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि रानियां के धनूर रोड स्थित एक ढाणी में बीती 13 मार्च को अज्ञात चार युवक बिजली मिस्त्री बनकर घुसे और दंपती के 13 वर्षीय पोते को बंधक बना लिया। बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर बुजुर्ग दंपती संतोख सिंह व उसकी पत्नी गुरदीप कौर से नौ हजार रुपये की नकदी, मोबाइल व लैपटॉप लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित महिला गुरदीप कौर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिरसा के एसपी ने विशेष टीमों का गठन कर मामले को शीघ्र सुलझाने के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई नकदी, मोबाइल फोन, लैपटॉप तथा वारदात में प्रयुक्त स्कूटी और मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान चोरी व लूटपाट की अन्य घटनाओं के बारे में पूछताछ की जाएगी।



सिरसा। पिस्तौल के बल पर लूटपाट करने वाले आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

### चौथे आरोपी के लिए दबिश जारी

थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी का भी खुलासा किया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### नाबालिग से फिरौती मांगने और धमकी देने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक नाबालिग छात्र को जान से मारने की धमकी देने और फिरौती मांगने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने दो युवकों को काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अशोक कुमार पुत्र पताशा राम और विकास पुत्र राधेश्याम के रूप में हुई है, जो गांव अलावलवास के निवासी हैं। उल्लेखनीय है कि इस केस में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिससे अब कुल गिरफ्तारियों की संख्या चार हो गई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद के अनुसार, यह मामला फरवरी माह का है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि 7 फरवरी को उनका नाबालिग बेटा जोकि 10वीं का छात्र है, जब स्कूल से घर लौट रहा था, तब गांव के ही कुछ युवकों ने उसे रास्ते में घेर लिया। आरोपियों ने हथियारों के बल पर छात्र को डराया और धमकाया।

## मण्डी के प्रवेश पर होगी ट्रैक्टर और किसान की फोटो

# मंडी में फसल लाने वाले हर वाहन पर नंबर लिखा होना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में रबी फसलों की कटाई का सीजन शुरू हो गया है और जल्द ही किसान अपनी उपज लेकर मंडियों में पहुंचने लगेंगे। सरकार द्वारा इस बार फसल खरीद प्रक्रिया में किए गए नए बदलावों को लेकर किसानों में नाराजगी देखने को मिल रही है। सरकार ने जहां 28 मार्च से सरसों और 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू करने की घोषणा की है। दरअसल इस बार फर्जीवाड़ा रोकने के लिए सरकार ने नया नियम लागू किया है जिसके तहत मंडी में फसल लाने वाले हर वाहन पर नंबर लिखा होना अनिवार्य है वहीं मण्डी के प्रवेश पर टोकन कटवाते हुए ट्रैक्टर और किसान की फोटो भी होगी। इस सीजन में गेहूं खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए कुछ नए नियम लागू किए गए हैं। सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों के अनुसार अब किसानों को फसल बेचने के लिए पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाना होगा, जिससे उनका गेट पास जारी किया जाएगा। इसके अलावा ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट होना भी अनिवार्य किया गया है और वाहन का नंबर कैमरों में दर्ज किया जाएगा।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी का मुख्य गेट। *फोटो: हरिभूमि*

### धांधली रोकने के उद्देश्य से बनाए नए नियम : सचिव

मार्केट कमेटी सचिव अमित कुमार ने कहा कि पहले भी बाजरा खरीद के दौरान मोबाइल आधारित गेट पास प्रणाली का प्रयोग किया जा चुका है। इस बार मंडियों में पर्याप्त संख्या में पीओएस मशीनें उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### टोकन काटते समय ट्रैक्टर व किसान की होगी फोटो

ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट होना भी अनिवार्य किया गया है और वाहन का नंबर कैमरों में दर्ज किया जाएगा। इन नए नियमों से सरकार द्वारा फर्जीवाड़ा रोकने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन किसान इन नियमों को अपने लिए परेशानी का कारण मान रहे हैं। किसान नेता मनदीप नथवान और विष्णु दत्त ने आरोप लगाया कि मंडियों में अब तक सामने आए घोटालों में अधिकारियों की भूमिका अहम रही है।

### शर्तों की सूची

- ⏭ मंडी में फसल लाने वाले हर वाहन पर नंबर लिखा हुआ अनिवार्य होना चाहिए जिससे मंडी के गेट पर फोटो होगी।
- ⏭ जिस किसान के नाम मेरा फसल मेरा ब्यौरा है वो खुद ना आ सकने को कारण अपने तीन परिवारजन को अंगूठा लगवाने के लिए नियुक्त कर सकता है जिसके लिए पॉवर ऑफ अटॉर्नी होनी जरूरी है।
- ⏭ सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक मंडी प्रवेश द्वार पर गेट पास कटेंगे।
- ⏭ हर आढ़ती के पास फसल का वजन करने के लिए इलेक्ट्रोनिक्स कांटा होना अनिवार्य है।
- ⏭ गेट पास काटते समय आढ़ती का मंडी परिसर मौजूद रखना अनिवार्य है।





रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी

बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा



**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *

## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना




**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *

छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

प्रस्तुतिः एफएमएन

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,
मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



एआई इमेज

## बूझो तो जानें



1
मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।



2
न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3
चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2. हींग, 3. फिटकरी



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने को सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?

उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *




**किताब**: आओ, नाटक खेलें, **लेखक**: उमा आनंद, **अनुवादक**: बलराज पंडित, **मूल्य**: 55 रुपए, **प्रकाशक**: नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## जीके क्विज-198



1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?

बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-197 का उत्तरः** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वालेः** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





ईशानी, बिलासपुर



प्रत्यूषा, राजनांदगांव



प्रणीका, बिलासपुर



आदित्य, खैरागढ़



शिफा, महासमुंद




समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**

### प्राचीन दुर्गा मन्दिर में अष्टमी पर लगाया लंगर

**रतिया।** शहर के नाहरका मौहल्ला नजदीक वार्ड नंबर 3 स्थित प्राचीन दुर्गा मन्दिर में आज अष्टमी मौके लंगर का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रशाद ग्रहण किया। इस मौके पर जानकारी देते हुए ज्ञान चंद शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, सुनील सैनी, अमरजीत टेलर, राजू राणा, धर्मेंद्र, मनोज कुमार, विक्की शर्मा, राजकुमार, बलजीत सिंह, संजय कुमार सहित सेवादारों ने बताया कि नवरात्रों के अवसर पर अष्टमी मौके लंगर लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले लंबे समय से सेवादारों द्वारा हर नवरात्रों पर अष्टमी मौके लंगर सेवा निभाई जा रही है और इस दौरान श्रद्धालुओं ने मन्दिर में माथा टेककर हाजिरी लगाई और लंगर ग्रहण किया।

### शिविर में 70 नेत्र रोगियों की जांच

**कालांवाली।** सेठ लाला रोशन लाल जैन त्रिशला देवी जैन फाऊंडेशन द्वारा गांव कुरूंगावाली के बाबा रामदेव मंदिर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। बाबा राम देव मंदिर के सेवादार बुध सिंह खालसा ने बताया कि इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डा. गुलाब व डॉ. सिल्की जैन द्वारा 70 नेत्र रोगियों की जांच की। इस मौके पर मंदिर कमेटी के प्रधान सतराज सिंह, सरपंच निर्मला रानी, पूर्व सरपंच गंडा सिंह, पंच बुध सिंह खालसा, राज सिंह, बलकरण सिंह, कुलदीप सिंह नंबरदार, मास्टर पाला सिंह, बुटा सिंह, खालसा, जग सिंह, जस्सा सिंह आदि मौजूद रहे।

### मकान के लिए मिलता है 2 लाख तक ब्याज मुक्त ऋण

**सिरसा।** हरियाणा श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए एक योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत पंजीकृत निर्माण कामगारों को अपने मकान की खरीद या निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों को 2 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे अपने आवास संबंधी सपनों को पूरा कर सकें। इस योजना का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत निर्माण श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है। अक्सर देखा जाता है कि निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों के पास स्थायी आवास की सुविधा नहीं होती, ऐसे में यह योजना उनके जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में एक अहम कदम है।

### बाढ़ पीड़ित 5 को जंतर मंतर पर देंगे धरना

**फतेहाबाद।** प्रशासन और सरकार की अनदेखी से नाराज भूना क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित अब अपनी आवाज देश की राजधानी तक पहुंचाने की तैयारी कर चुके हैं। पिछले वर्षों में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित हुए सैकड़ों परिवारों ने एकजुट होकर आगामी 5 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। बाढ़ पीड़ितों की अगुवाई कर रहे उमाशंकर ने बताया कि इस प्रदर्शन के लिए दिल्ली पुलिस से विधिवत अनुमति मिल गई है। 5 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस धरने के दौरान प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपेंगे। पीड़ितों की मुख्य मांग है कि भूना को बाढ़ से बचाने के लिए घोषित 30 करोड़ रुपये की परियोजना पर तुरंत काम शुरू किया जाए।

### हर्षोल्लास से मनाई ताराचंद महाराज की पुण्यतिथि

**रतिया।** चरित्र चूड़ामणि तपस्वी श्री ताराचंद जी महाराज की पुण्यतिथि पर आज जैन समाधि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में झंडा की रस्म जैन सभा के प्रधान मनोज जिंदल ने निभाई। इस कार्यक्रम के दौरान महासाध्वी गीता महाराज, श्री वृद्धि महाराज एवं श्री वर्णिका महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन भी किया। कार्यक्रम में जैन समाधि संस्था के प्रधान सुरेश जिंदल, महामंत्री कैलाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मोहन जैन, प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय कुमार चक्की वाला, राजेश गर्ग, जस्सा पूर्व प्रधान, मदन जिंदल, पुष्पराज जैन, सुरेंद्र जैन, प्रेमचंद मित्तल, सुशील जैन, राजेंद्र कुमार, विपिन बंसल, अश्वनी जैन, मोतीराम, राजकुमार, देवराज जैन, प्रमोद जैन व अन्य श्रद्धालु भी मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाया रामनवमी का पर्व, कन्याओं का किया पूजन

# दुर्गा अष्टमी पर भक्तों ने मंदिरों व प्रतिष्ठानों में मां दुर्गा की पूजा की, सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता रहा

**शुक्रवार सुबह 10 बजकर 6 मिनट तक राम नवमी का पर्व मनाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

दुर्गा अष्टमी व रामनवमी का पर्व वीरवार को धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने मंदिरों व प्रतिष्ठानों में मां दुर्गा की पूजा की और कन्याओं को हलवा-पुड़ी व खीर का प्रसाद दिया। श्रद्धालुओं ने घरों में मां दुर्गा के पूजन के साथ कन्याओं का भी पूजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। शुक्रवार सुबह 10 बजकर 6 मिनट तक राम नवमी का पर्व मनाया जाएगा। मां सिद्धिदात्री की पूजा के साथ ही भगवान श्री राम की भी पूजा अर्चना की जाएगी। वीरवार को चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन अष्टमी व नवमी की एक साथ पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मां भगवती के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने विधि विधान से माता रानी की घर और मंदिरों में पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। देवी भक्तों ने कन्याओं का पूजन किया। श्रद्धालुओं ने कंजकों को हलवा-पुड़ी, खीर छोले का प्रसाद खिलाते हुए उपहार भी दिए।

### कन्याओं का पूजन देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक



**फतेहाबाद।** कंजक पूजन करते श्रद्धालु।

नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन करना बेहद शुभ माना जाता है। कन्याओं का पूजन हम उन्हें देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक मानकर करते हैं। कन्याओं का पूजन करना देवी दुर्गा के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का प्रतीक है। कन्या पूजन नारी शक्ति के समाज में योगदान और उनकी महत्ता का प्रतीक भी है। कन्या पूजन करने से हमारा आध्यात्मिक विकास होता है। माता दुर्गा की कृपा भक्तों पर बरसती है और उनके जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### 'माता रानी फल देगी आज नहीं तो कल देगी' भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**फतेहाबाद।** भजन गायक भारत टूटेजा को सम्मानित करते श्रद्धालु।

**फतेहाबाद।** सेक्टर-3 हुडा में नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुकृपा मंडल की ओर से माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी की पूजा-अर्चना की और भजनों के साथ भक्ति का आनंद लिया। पूरे माहौल में भक्ति और श्रद्धा का रंग देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। गायक भारत टूटेजा ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### दुर्गा आष्ठमी पर मंदिर में किया भंडारा

**कालांवाली।** नवरात्र पर्व को लेकर प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर में चल रहे विशेष कार्यक्रम के तहत दुर्गा अष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाजसेवी सुरजभान ठेकेदार, लवकेश गर्ग, साहिल चलाना, बिंदर बाबा, जय गॅऊ माता सेवा समिति के प्रधान पंकज महेश्वरी ने विशेषतौर पर शिरकत की। भक्तों ने अपने घरों में मां दुर्गा की अष्टमी मनाते हुए प्रसाद बनाया और मां भगवती का प्रतीक स्वरूप छोटी-छोटी कन्याओं को कंजकों के रूप में बुलाकर उनकी पुजा प्रतिष्ठा की और श्रद्धापुर्वक प्रशाद का भोग लगाया।

### श्रद्धा एवं उल्लास से मनाया दुर्गा अष्टमी पर्व



**सिरसा।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी आज बड़ी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का इन नवरात्रे में ध्यान और स्मरण किया गया। नवरात्रे के समापन पर लोगों ने घर-घर छोटी बच्चियों को दैवी स्वरूप उनकी पूजा की, उन्हें भोजन-प्रसाद और उपहार भेंट किए। छोले-पुरी व हलवा का प्रसाद मां दुर्गा को भोग लगाने के बाद वितरित किया गया। दुर्गा अष्टमी के पर्व को लेकर विभिन्न मंदिरों में आज दिनभर पूजा-अर्चना का दौर जारी रहा। अनेक मंदिरों में हवन-यज्ञ भी किए गए। उधर, ओढां की अनाज मंडी स्थित श्री दुर्गा मंदिर में सुबह सवेरे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। महाअष्टमी पर भक्तों ने लाइन में लगकर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप, मां महागौरी की पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी देव शर्मा ने बताया कि वैदिक पंचाग के अनुसार 2026 में अष्टमी तिथि 25 मार्च दोपहर से शुरू होकर 26 मार्च को सुबह 11 बजकर 48 मिनट तक रहेगी।

### श्री मनोकामनी दुर्गा मंदिर में रामनवमी पर लंगर आज

**रतिया।** रामनवमी के अवसर पर पुराना बाजार स्थित श्री मनोकामनी दुर्गा मंदिर में 27 मार्च को लंगर का आयोजन किया जाएगा। वहीं इस बारे जानकारी देते हुए मन्दिर कमेटी प्रधान मदन लाल जिंदल ने बताया कि नवरात्रों के अवसर पर नवमीं के दिन क्षेत्रवासियों के सहयोग लंगर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि हर नवरात्रों में लंगर भंडारे का आयोजन होता है व इस बार भी 27 मार्च को लंगर का आयोजन किया जाएगा जिसमें क्षेत्रवासी शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करें। इस मौके पर पुजारी राजेंद्र शर्मा, रविंद्र सूद, पुजारा लाल चुघ, अशोक कुमार, सुरेंद्र सूद, मदन सेतिया, धीरज जिंदल, अनिल जैन आदि रहे।

### रामनवमी पर श्रीरामयण जी की पूजा की



**फतेहाबाद।** शिव चौक स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में श्रीरामनवमी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पुजारी राकेश शर्मा ने श्रीरामयण जी पाठ का भोग डाला तथा प्रधान टेकचंद मिढ़ा व सभा सदस्यों ने श्रीरामयण जी की पूजा की। इस मौके पर जमकर आतिशबाजी की गई। पुजारी राकेश शर्मा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रीराम जी के आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी तथा मौजूद भक्तों से आह्वान किया कि कोई भी धार्मिक कार्यक्रम हो, उसे धूमधाम से मनाया जाना चाहिए। इस दौरान उमंग सरदाना ने बधाईगान व भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर मंदिर सभा के सदस्य चंद्रभान नागपाल, सुनील आहूजा, नरेंद्र चानना, मोहन लाल नारंग, भीमसेन नारंग, हंसराज ग्रोवर, हरिराम शर्मा, पवन नारंग, प्रदीप नारंग, बंटी निझारा आदि रहे।

# सीआईए ने फतेहाबाद और रतिया में दो युवकों हेरोइन के साथ पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद की टीम ने भूना क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन के साथ रंगे हाथों काबू किया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम नशा तस्करों और ड्रग पैडलरों की निगरानी के लिए भूना क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान वार्ड नंबर 9, राणाधीर मंदिर के पास पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। शक के आधार पर जब उसे रोककर पूछताछ की गई, तो उसकी पहचान विनोद कुमार उर्फ बोदी निवासी राणाधीर मोहल्ला, भूना के रूप में हुई। पुलिस टीम ने जब युवक की तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 8.92 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। नशीला पदार्थ रखने के आरोप में पुलिस ने आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया। इस मामले में पुलिस ने थाना भूना में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### युवक से 5.43 ग्राम हेरोइन बरामद

दूसरे मामले में सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप ने बताया कि एएसआई रघुबीर सिंह अपनी टीम के साथ अपराध रोकथाम के तहत बस अड्डा रतिया क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक घग्गर नाली बाईपास की ओर हेरोइन लेकर आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी और एक संदिग्ध युवक को काबू किया, जो पुलिस को देखकर वापस मुड़कर जाने का प्रयास कर रहा था। पूछताछ में आरोपी की पहचान खुशदीप सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी नाली मोहल्ला, रतिया के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 5.43 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# आपका एटीएम बंद बताकर ठग ले रहे जानकारी

## एटीएम कार्ड ब्लॉक कॉल फ्रॉड को लेकर पुलिस अधीक्षक ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन।

इन दिनों साइबर ठग एटीएम कार्ड ब्लॉक के नाम पर कॉल कर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ठग खुद को बैंक अधिकारी या कस्टमर केयर कर्मचारी बताकर लोगों को भ्रमित करते हैं और उनकी गोपनीय बैंकिंग जानकारी हासिल कर लेते हैं, जिससे खातों से पैसे निकाल लिए जाते हैं। ऐसे में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को सतर्क करते हुए एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने बताया कि आज के समय में अधिकतर लोग एटीएम कार्ड, नेट बैंकिंग और यूपीआई का उपयोग करते हैं, जिसका फायदा उठाकर साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ठग कॉल करके कहते हैं कि 'आपका एटीएम कार्ड बंद हो गया है, केवाईसी अपडेट नहीं है या आपका खाता ब्लॉक होने वाला है। इसके बाद वे वेरिफिकेशन के नाम पर एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, ओटीपी, पिन आदि जानकारी मांगते हैं। कई बार वे फर्जी लिंक भी भेजते हैं, जिस पर क्लिक करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही व्यक्ति उनकी बातों में आकर जानकारी साझा करता है, उसके खाते से तुरंत पैसे निकाल लिए जाते हैं। एसपी ने बताया कि ऐसे ठग खुद को बैंक अधिकारी या कस्टमर केयर बताकर कॉल करते हैं। एटीएम/खाता ब्लॉक होने का डर दिखाकर जल्दबाजी में जानकारी मांगते हैं। ओटीपी, सीवीवी, पिन या कार्ड नंबर लेकर तुरंत ट्रांजैक्शन कर लेते हैं।

### ओटीपी किसी के साथ साझा न करें

किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अनजान ऐप डाउनलोड करने से बचें। अपने मोबाइल में आए ओटीपी को किसी के साथ साझा न करें। बैंकिंग से जुड़ी सभी जानकारी को पूरी तरह गोपनीय रखें। किसी भी कॉल पर घबराएं नहीं, पहले अपने बैंक की आधिकारिक शाखा से संपर्क करें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें या ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। अपने बैंक/वित्तीय संस्थान को तुरंत सूचित करें ताकि ट्रांजैक्शन रोका जा सके।

# स्वयंसेवकों ने जीएनसी परिसर को किया प्लास्टिक मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** कालेज परिसर में साफ-सफाई करते स्वयंसेवक।

राजकीय नेशनल कॉलेज सिरसा की एनएसएस सेल द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे परिसर में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित किया, कचरे का वर्गीकरण किया और शैक्षणिक भवनों, खेल के मैदानों एवं छात्रावास क्षेत्रों से प्लास्टिक कचरे को साफ किया। पर्यावरण पर प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा टिकाऊ विकल्पों को अपनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने उनके समर्पण की सराहना की और हरित एवं स्वच्छ परिसर बनाए रखने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई।

### पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने के लिए किया प्रेरित

विद्यार्थियों से न केवल कॉलेज परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखने, बल्कि इस संदेश को अपने घरों और समुदायों तक पहुँचाने का आह्वान किया। एनएसएस सेल के संयोजक डॉ. जीत राम शर्मा ने इस तरह की गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला और स्वयंसेवकों को पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्लास्टिक मुक्ति की शपथ दिलाई, जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक न लेने का संकल्प और मजबूत हुआ।

# महिला की गला घोंटकर हत्या पुलिस ने युवक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** हत्या मामले में गिरफ्तार युवक।

शहर में जनवरी माह में हुई एक महिला की गला घोंटकर हत्या के मामले में पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात में शामिल एक अन्य युवक को काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान महेंद्र सिंह उर्फ निक्का पुत्र जीत सिंह निवासी आजाद नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस हत्या की कड़ियों को जोड़ने और वारदात में इस्तेमाल किए गए साक्ष्यों को बरामद करने का प्रयास करेगी। इस मामले में पुलिस दो युवकों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। यह मामला 21 जनवरी का है, जब रतिया की रहने वाली एक महिला अपने घर से फतेहाबाद के लिए निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी।

# किसानों, आढ़तियों पर थोपे नियम वापस ले सरकार

■ बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य करने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

झोरड़ खाप के अध्यक्ष विनोद झोरड़ ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि वह रबी सीजन में किसानों, आढ़तियों के लिए लागू किए गए नए नियमों को अविलंब वापस ले ताकि किसान व आढती वर्ग गेहूं खरीद मामले में किसी प्रकार की कोई अड़चन न आए।

गुरुवार को जारी बयान में विनोद झोरड़ ने कहा कि राज्य सरकार किसी न किसी नियमों के तहत किसानों, आढतियों को परेशान करने का प्रयास करती है और इस बार थोंपे गए ये नियम फिर से किसानों के लिए जी का जंजाल बनने जा रहे हैं। विनोद झोरड़ ने कहा कि मंडियों में किसान को अपनी फसल बेचने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किए जाने से भाजपा का किसान विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हरियाणा से कहा कि वे शीघ्र ही आढतियान एसोसिएशन हरियाणा व प्रादेशिक किसान संगठनों से बातचीत कर ऐसा विकल्प निकालें जिससे न तो किसानों, आढतियों को कोई परेशानी न हो और सरकार को भी फसल खरीद में कोई परेशानी न हो।

## आर्य समाज फतेहाबाद में श्रीरामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य वैदिक हवन सम्पन्न

# आज के युग में श्रीराम के आदर्शों को अपनाना ही सच्चा धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** श्रीरामनवमी पर आर्य समाज में आयोजित हवन में भाग लेते सदस्यगण।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन जन्मोत्सव राम नवमी के शुभ अवसर पर आर्य समाज सुंदर नगर, फतेहाबाद में वीरवार प्रातः 9 बजे भव्य वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ किया गया। इस यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों की मंगलध्वनि के साथ हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा पुरोहित दीपक शास्त्री ने विधिपूर्वक यज्ञ सम्पन्न करवाया। श्रद्धालुओं को हवन की महत्ता बताते हुए दीपक शास्त्री ने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि यह वातावरण की शुद्धि, मानसिक शांति तथा सामाजिक एकता का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, कर्तव्यपरायणता, त्याग, मर्यादा एवं धर्म के पालन की सर्वोत्तम प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज के युग में श्रीराम के आदर्शों को अपनाना ही सच्चा धर्म है। हवन यज्ञ में सभी श्रद्धालुओं ने पूर्ण आस्था के साथ आहुति अर्पित कर अपने जीवन को धर्ममय बनाने तथा समाज में सद्भाव, नैतिकता और संस्कारों के प्रसार का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान भजन एवं वैदिक मंत्रों के उच्चारण से सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

### भजन और यज्ञ से कार्यक्रम समापन

कार्यक्रम के अंत में भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए एक भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किया गया। 'अपने आचरण संभालो, जरा धर्म निभाना सीख लो, श्री राम ने वचन की खातिर राज-पाट सब छोड़ दिया।' इन पंक्तियों ने उपस्थित जनसमूह को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। अंत में सर्वजन कल्याण, राष्ट्र की उन्नति एवं विश्व शांति की कामना के साथ यज्ञ का समापन हुआ।

## खबर संक्षेप

### अंडर-19 क्रिकेट लीग के लिए ट्रायल 1 अप्रैल को

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक सचिव नरेश कुलडिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले में क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कई अहम निर्णय लिए गए। नरेश कुलडिया ने बताया कि फतेहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए फतेहाबाद क्रिकेट लीग के नाम से एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की चार टीमें बनाई जाएंगी, जिनके बीच 50-50 ओवर के लीग मैच खेले जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य जिले के उभरते क्रिकेट प्रतिभाओं को

### अवैध हथियारों का मुख्य सप्लायर गिरफ्त में

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भट्टू कलां पुलिस ने नाजायज पिस्तौल मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना भट्टू कलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि पुलिस ने कुछ समय पहले अजय उर्फ घोलू निवासी भट्टू कलां को एक नाजायज पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया था।

### चंडी माता मंदिर में नवचंडी महायज्ञ और भंडारा आज

**फतेहाबाद।** सर्वश्री चंडी माता मंदिर अशोक नगर फतेहाबाद में नवचंडी महायज्ञ पूर्ण आहुति और भंडारा 27 मार्च को मंदिर गद्दीनशीन माता सत्यम देवा के पावन सानिधय में बड़े ही धूमधाम व श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा। यज्ञ पूर्ण आहुति 27 मार्च शुक्रवार 11 बजे, कन्या पूजन दोपहर 12 बजे और उसके बाद भंडारा माता रानी की इच्छा तक चलेगा।

### लाखों रुपये की हेरोइन तस्करी मामले में काबू

**डबवाली।** पुलिस ने लाखों रुपये की 51.490 ग्राम हेरोइन तस्करी के मामले में वांछित मुख्य तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह निवासी फिरोजपुर (पंजाब) के रूप में हुई है। गोल बाजार पुलिस चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि एएनसी स्टाफ डबवाली ने मोटरसाइकिल सवार राजेश श्रीवास्तव व विशाल को हेरोइन सहित काबू किया था। आरोपियों से प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर पुलिस ने मुख्य तस्कर को गिरफ्तार किया।

### फतेहाबाद में एलपीजी की कालाबाजारी पर सख्ती

**फतेहाबाद।** जिले में एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए विभाग द्वारा सख्ती बढ़ाते हुए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। विभाग ने 01667-230773 नंबर जारी करते हुए आमजन से अपील की है कि गैस से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक दर्ज करवाई जा सकती है। हालांकि, विभाग की यह पहल लोगों के लिए राहत से ज्यादा परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। इस नंबर से संपर्क ही नहीं हो पा रहा है।

## सरसों का बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक

# एजेंसियों के लिए सरसों की खरीद करना होगा मुश्किल

- किसानों को सरसों का अधिक मिल रहा दाम, समर्थन मूल्य से 600 रुपये ऊपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

इस बार जिले की अनाज मंडियों से सरकार द्वारा सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीद करना मुश्किल होगा। क्योंकि अनाज मंडी में सरसों के खुली बोली पर रेट समर्थन मूल्य से 600 रुपये प्रति क्विंटल तक अधिक बने हुए हैं। सरकार द्वारा सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है जबकि वर्तमान में निजी व्यापारी सरसों 6800 हजार से 7000 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीद रहे हैं। ऐसे में किसान सरकार की बजाए खुली बोली पर सरसों बेचना ज्यादा सुविधाजनक व फायदेमंद मान रहे हैं। इससे आशंका है कि 28 मार्च से एजेंसियों के लिए सरसों की खरीद करना मुश्किल होगा।

वैसे तो सरकार ने अनाज मंडियों में सरसों खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एजेंसियों के पास दस लाख से ज्यादा संख्या में सरसों का बारदाना पहुंच चुका है। सरकार ने खरीद के लिए हैंडलिंग एजेंट भी बना दिए हैं। यहां तक कि मंडियों में मार्केट कमेटी की तरफ से बिजली, पानी, कूपन काटने की व्यवस्था आदि सभी तैयारियां कर ली हैं।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में सरसों में नमी जांचते निजी व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

### नमी ज्यादा फिर भी हो रही खरीद

सरसों में सरकारी नियमों के अनुसार 8 प्रतिशत से ज्यादा नमी की मात्रा नहीं हो सकती है, लेकिन मौजूदा समय में मंडी में जो सरसों पहुंच रही है, उसमें 15 प्रतिशत तक नमी है, इसके बावजूद ऐसे सरसों के खुली बोली पर रेट 6800 रुपये प्रति क्विंटल तक मिल रहे हैं।

### भाव में तेजी बनी रही तो बारदाना रह जाएगा खाली

जिले में फतेहाबाद, भट्टू व भुना अनाज मंडी में वीरवार से सरसों की आवक बढ़ना शुरू हो गई है। मंडी में दो दिन से हर रोज लगभग तीन हजार क्विंटल सरसों की आवक हो रही है। मंडी में सरसों के दाम 6800 से 7000 रुपये प्रति क्विंटल तक बने हुए है, जबकि सरसों का सरकारी समर्थन मूल्य केवल 6200 रुपये प्रति क्विंटल है। इस हिसाब से किसानों को सरसों के खुली बोली पर ही 600 रुपये प्रति क्विंटल अधिक भाव मिल रहे हैं। कोई भी किसान कम भाव में सरसों बेचना नहीं चाहेगा। यहां तक कि अगर किसान को समर्थन मूल्य से 100 से 150 रुपये के भाव कम मिले तो भी किसान खुली बोली पर ही सरसों बेचना पंसद करेगा। क्योंकि मंडी में खुली बोली पर सरसों बेचने पर उसे मौके पर ही व्यापारियों के माध्यम से पेमेंट मिल जाएगी, जबकि सरकारी खरीद

### खरीद की सभी तैयारियां पूरी

मार्केट कमेटी के द्वारा सरसों की सरकारी खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 28 मार्च से मंडी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी।

-**अमित कुमार**, सचिव, मार्केट कमेटी, फतेहाबाद

# गिरफ्तारी का डर दिखाकर किसानों की आवाज को कुचलना चाहती है भाजपा सरकार : विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



विष्णुदत्त शर्मा।

- सरकार की असल मंशा किसानों की आवाज कुचलने की है

दिल्ली किसान आंदोलन के दौरान हिसार से किसान नेता संदीप धीरनवास एवं अन्य दर्जनों किसानों पर हत्या समेत अन्य संगीन धाराओं में दर्ज मुकदमों में किसान नेताओं की गिरफ्तारियों के नोटिस जारी करने से किसानों में फिर आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

अखिल भारतीय किसान सभा फतेहाबाद ने नोटिस जारी करने की कड़े शब्दों में निंदा की है। सभा का कहना है कि किसान आंदोलन के निलंबन पर केंद्र और हरियाणा सरकार ने पिछले सभी मुकदमों को खारिज करने का लिखित आदेश दिया था और अब गिरफ्तारियों के नोटिस जारी कर किसान आंदोलन से विश्वासघात किया जा रहा है। इसके पीछे सरकार की असल मंशा किसानों की आवाज कुचलने की है। किसान सभा फतेहाबाद के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा व सचिव राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ साल 2020-21 के ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दौरान अपनी जायज मांगों को लेकर किसानों ने अनेक स्थानों पर प्रदर्शन किए थे। इसके निलंबन के दौरान केंद्र और राज्य सरकार ने कृषि कानूनों को वापिस लिया।

### इनके खिलाफ जारी हुए गैर जमानती वारंट

किसान नेताओं ने कहा कि अभी इस पिछले प्रदर्शन के मामले में चार साल बाद मंत्री रणबीर गंगवा के आवास के बाहर के प्रदर्शन के मामले में किसान सभा बालसमंद के तहसील अध्यक्ष संदीप धीरनावास, किसान नेता अनिल गोरछी, मनजीत, अमित बिश्नोई बिसला, सतीश लौरा, राजेश भाकर, अमित समेत अन्य दर्जनों किसानों के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए गैर जमानती वारंट जारी किए गए है।

### पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं : जोड़ा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद। जिले में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कमी के चलते मची हाहाकार के बीच बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उनका कहना है कि अस्थाई रूप से आ रही कमी और जनता को हो रही असुविधाओं के प्रति भाजपा सरकार गंभीर है। हर मुद्दे पर भाजपा सरकार प्रभावशाली कार्रवाही कर हालातों को सामान्य बनाने की कोशिश कर रही है। जोड़ा ने कहा कि वैश्विक युद्धकाल के कारण हालात थोड़े असामान्य हो रहे हैं, लेकिन आम जनता को धैर्य और पीएम नरेन्द्र मोदी एवं सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विश्वास रखना चाहिए।

# तीन नशा तस्कर गांजा पत्ती व कोकीन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर गांजा पत्ती व कोकीन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी दलीप कुमार, शास्वत व शिवम के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान डिंग थाना क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान सामने से एक व्यक्ति अपने हाथ में प्लास्टिक का थैला लेकर आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को खिसकने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर थैले की तलाशी ली तो उसमें से एक किलो 394 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई।इसके अलावा पुलिस ने सिरसा शहर क्षेत्र से दो युवकों शास्वत व शिवम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 ग्राम कोकीन बरामद की है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सदर बाजार से सुभाष चौक की तरफ जा रही थी। तभी संदिग्ध हालत में खड़े युवक की तलाशी लेने पर नशा पकड़ा।



सिरसा। गांजा पत्ती के साथ पकड़ा गया आरोपी।

# पुराने सिक्के खरीदने के नाम पर दुकानदार से ठगी, दो आरोपी काबू

## साइबर थाना पुलिस ने पंजाब में छापेमारी कर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुराने सिक्के खरीदने के नाम पर ऑनलाइन ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान सुरेन्द्र सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी हरगोविंद नगर, जैतो तथा बिट्टू पुत्र गोविंदा सिंह निवासी जीवन नगर बस्ती, जैतो, जिला फरीदकोट के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 12 हजार रुपये की नगदी बरामद की है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि इस बारे जितेन्द्र पुत्र अशोक कुमार निवासी किला मोहल्ला टोहाना ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी।



फतेहाबाद। ऑनलाइन ठगी मामले में गिरफ्तार दोनों युवक।

शिकायत के अनुसार टोहाना के किला मोहल्ला निवासी जितेंद्र कुमार, जो एक कन्फेक्शनरी की दुकान चलाते हैं, के पास कुछ पुराने नोट और सिक्के जमा थे। उन्होंने फेसबुक पर पुराने सिक्कों की खरीद-फरोख्त से संबंधित एक विज्ञापन देखा और दिए गए नंबर पर संपर्क किया। जितेंद्र ने अपने सिक्कों और नोटों की तस्वीरें व्हाट्सएप के जरिए आरोपियों को भेजीं। आरोपियों ने जितेंद्र को झांसा दिया कि उनके सिक्कों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 करोड़ 86 लाख 55 हजार रुपये है। शुरुआत में विश्वास जीतने के लिए उनसे फाइल चार्ज के नाम पर मात्र 350 रुपये लिए गए और एक फर्जी आईकार्ड बनाकर भेजा गया।

### किसानों व आढ़तियों को नहीं आने देंगे कोई समस्याः प्रेम बजाज

**सिरसा।** सिरसा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान प्रेम बजाज ने कहा कि आगामी गेहूं और सरसों के सीजन आढ़तियों व किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास यही रहेगा कि पिछले सीजन के दौरान जो समस्याएं आई थी, वैसी स्थिति दोबारा उत्पन्न ना हो और मंडी का कार्य सुचारू रूप से चल सके। प्रेम बजाज ने मार्केट कमेटी सचिव के साथ सडक़ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस कार्य की कमियों के बारे में सचिव को बताया गया है। इस मौके पर उप प्रधान राजू सुधा, महासचिव राजेंद्र नढा, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोयल, धर्मपाल जिंदल, अनीश गर्ग, पवन गर्ग, अशोक खट्टर, सुभाष कम्बोज, रंजीत गुजरानी, मंगत राय गर्ग समेत अन्य आढ़तीगण मौजूद रहे।

# सीईओ मनीष राव होंगे रूस के चीफ गेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में उपलब्धि दर्ज की

अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए,रूस की प्रतिष्ठित नेशनल रिसर्च मोर्डोविया स्टेट यूनिवर्सिटी एमआरएसयू ने आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव को बतौर ग्लोबल चीफ गेस्ट एक विशेष निमंत्रण भेजा है। यह निमंत्रण दोनों संस्थानों के बीच बढ़ते शैक्षिक संबंधों और आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक प्रमाण है। यह निमंत्रण इसी साल सात जनवरी को हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद आया है, जिसमें दोनों संस्थानों के बीच भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई थी। रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को ने अपने पत्र में आरपीएस ग्रुप की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को तैयार करने और उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने में ग्रुप का योगदान सराहनीय है। यूनिवर्सिटी के रेक्टर, दिमित्री ग्लुश्को द्वारा प्रेषित इन आधिकारिक पत्रों में न केवल इन्जीनियर मनीष राव को विश्वविद्यालय में एक ग्लोबल चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया है, बल्कि आरपीएस ग्रुप के दो मेधावी छात्रों के लिए भी बड़ी घोषणा की गई है।




महेंद्रगढ़। रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को से हाथ मिलाते मनीष राव। फोटो : हरिभूमि

### सीधे प्रवेश की पेशकश की

विश्वविद्यालय ने आरपीएस ग्रुप के उत्कृष्ट छात्रों भव्या गुणवाल स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ-2025 और आदीश जैन स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ- 2026) को सीधे प्रवेश की पेशकश की है। इन छात्रों की अंतरराष्ट्रीय मंच पर असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देते हुए, विश्वविद्यालय उन्हें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और स्टाइपेंड प्रदान करेगा।




सिरसा। बैठक करते अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य।

### अखिल भारतीय किसान सभा ने की किसान नेताओं को नोटिस भेजने की निंदा

**सिरसा।** अखिल भारतीय किसान सभा की वीरवार को बैठक हुई, जिसमें किसान नेताओं को नोटिस भेजने की कड़ी निंदा की गई। किसान सभा के जिला संयोजक हमजिंदर ने दिल्ली किसान आंदोलन के दौरान हिसार से किसान नेता संदीप धीरनवास एवं अन्य दर्जनों किसानों पर संगीन धाराओं में दर्ज मुकदमों में किसान नेताओं की गिरफ्तारियों के नोटिस जारी किए जा रहे हैं। किसान आंदोलन के निलंबन पर केंद्र और हरियाणा सरकार ने पिछले सभी मुकदमों को खारिज करने का लिखित आदेश दिया था और अब गिरफ्तारियों के नोटिस जारी कर किसान आंदोलन से विश्वासघात किया जा रहा है। जिसके पीछे सरकार की असल मंशा किसानों की आवाज कुचलने की है। किसान सभा के जिला संयोजक हमजिंदर सिंह सिद्धु ने बताया कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ साल 2020-21 के ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दौरान अपनी जायज मांगों को लेकर किसानों ने अनेक स्थानों पर प्रदर्शन किए थे। जिसके निलंबन के दौरान केंद्र और राज्य सरकार ने कृषि कानूनों को वापिस लिया।

# हिसार जिला जेल में तलाशी अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक कुलवंत के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस द्वारा हिसार जिला कारागार में एक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, अवांछनीय गतिविधियों पर नियंत्रण और संभावित आपराधिक जोखिमों को रोकने के उद्देश्य से चलाया गया। जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को परखना, प्रतिबंधित सामग्री की संभावित बरामदगी सुनिश्चित करना एवं किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोकना इस अभियान का मकसद रहा। इस दौरान फतेहाबाद पुलिस की संयुक्त टीमों ने बैरकों, शौचालयों, रसोईघर, गलियारों और अन्य संवेदनशील स्थानों की गहन जांच की। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जेल में बंद अपराधियों की न्यायालय में पेशी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि यह प्रकिया सुचारु, सुरक्षित और समयबद्ध रूप से संचालित हो रही है या नहीं। इस व्यवस्था से न्यायिक प्रक्रियाएं अधिक दक्ष होंगी तथा सुरक्षा जोखिमों में भी कमी आएगी। यह अभियान पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुनियोजित और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ। पुलिस बल, जेल प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच उत्कृष्ट तालमेल देखने को मिला, जिससे यह कार्रवाई सफल रही। फतेहाबाद एसपी सिद्धांत जैन ने कहा, औचक निरीक्षणों के माध्यम से जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मज़बूत किया जा सकता है तथा आपराधिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। यह अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। एसपी ने बताया कि ऐसे तलाशी अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।



फतेहाबाद। जिला कारागार में तलाशी अभियान चलाती फतेहाबाद पुलिस।




चोपटा। वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देती छात्राएं।

### दयानंद स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**चोपटा।** खंड चौपटा के दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रामनवमी के अवसर पर वीरवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अभिभावकों के लिए विशेष रूप से एक काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया जिसमें साइकोलॉजिस्ट नरेश जागलान ने अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. दर्शना सिंह ने शिरकत की। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा परिणाम में अंकों की होड़ और उससे उत्पन्न होने वाले तनाव को लेकर एक कोरियोग्राफी प्रस्तुत की गई, जिसने सभी अभिभावकों को भावुक कर सोचने पर मजबूर कर दिया। नरेश जागलाना ने बच्चों में बढ़ते तनाव ,अंकों को लेकर मची होड़, अभिभावकों द्वारा बच्चों को समय न देना, उनसे झूठे वादे करना आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। अभिभावकों ने अपने संदेह और समस्याएं उनके सामने रखी और जागलान द्वारा तुरंत प्रभाव से उनका निदान किया गया। इस अवसर पर सत्र 2025-26 में सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

# चाय के खोखे की आड़ में प्रतिबंधित दवाइयों का धंधा, आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रतिया बस अड्डा क्षेत्र से एक व्यक्ति को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी सेल प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि उनकी टीम रतिया कोर्ट के सामने गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बस अड्डा रतिया के पास स्थित एक चाय के खोखे पर नशीली गोलियां बेचने का अवैध धंधा चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी और संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान जगमेल सिंह उर्फ तीतरी निवासी रामबाग कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 100 नशीली गोलियां बरामद की गई है। बरामद की गई गोलियों की संख्या कॉमर्शियल मात्रा की श्रेणी में आती है, जो कानूनी रूप से बेहद गंभीर मामला है। इस संबंध में थाना शहर रतिया में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एएनसी सेल अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह नशीली गोलियां कहां से लेकर आता था और उसके इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा ताकि नशा तस्करी के पूरे चैन का खुलासा किया जा सके।



फतेहाबाद। नशीली गोलियों सहित पकड़ा गया युवक।

**धर्म- कर्म** शीतला माता मंदिर के मेले में सेवा और समाधान का संगम

# समाज सेवा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन एक साथ चलें, तो लोगों के जीवन में आएगा सकारात्मक बदलाव : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव बोहा स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में आयोजित वार्षिक मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र सहित दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर श्री जय महामाया सिद्ध पीठ फाउंडेशन, इंदाछोई के संस्थापक अघोरी प्रदीप नाथ भद्रकोल भी मौजूद रहे। उन्होंने मेले में आए श्रद्धालुओं के बीच बैठकर उनसे संवाद किया और उनके जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उनके विचारों और सकारात्मक संदेशों से श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार हुआ। अघोरी प्रदीप नाथ भद्रकोल ने कहा कि समाज सेवा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन एक साथ चलें, तो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को आपसी भाईचारा, सेवा भावना और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी जानकारी दी गई। संस्था के माध्यम से जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग, गरीब बच्चों की शिक्षा में मदद, बेसहारा बुजुर्गों के इलाज की व्यवस्था, जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरण, लंगर सेवा तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्य लगातार होते रहने चाहिए।





फतेहाबाद। इंदाछोई फाउंडेशन के संस्थापक अघोरी प्रदीप नाथ भद्रकोल तथा मेले में लंगर ग्रहण करते श्रद्धालु।